प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 06.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा–'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में प्रत्येक जिले के विशिष्ट उत्पादों को नई पहचान मिलेगी।
- भारतीय रिजर्व बैंक आज द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करेगा।
- बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर कृतज्ञ राष्ट्र का नमन।
- रोडवेज बसों में बिना टिकिट यात्रा करने वालों से निर्धारित किराये से दस गुना राशि वसूली जायेगी।

00000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में प्रत्येक जिले के विशिष्ट उत्पादों को नई पहचान मिलेगी। श्री शर्मा ने समिट को सफल बनाने के लिए 10 दिनों तक प्रत्येक दिन एक नए संकल्प लेने की पहल की है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने कल आठवां संकल्प लेते हुए कहा कि समिट में प्रदेश के हर जिले के विशिष्ट उत्पादों को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने के लिए उन्हें उपहार के तौर पर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का हिस्सा बनने वाले सभी गणमान्य व्यक्तियों को जिलों के हस्त निर्मित उत्पाद सौगात के रूप में दिये जायेंगे।

000000

मुख्यमंत्री आज बजट घोषणाओं की प्रगति को लेकर पशुपालन, डेयरी और मत्स्य विभाग की समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में विभाग की विभिन्न परियोजनाओं और नवाचारों पर चर्चा की जायेगी।

.....

000000

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कल नई दिल्ली में "मेरे **गांव की मिट्टी**" अभियान की शुरूआत की। इसका उद्देश्य किसानों को रसायनों के नुकसान से अवगत कराना और गुणवत्तापूर्ण फसले उगाने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर श्री चौधरी ने कहा कि इस अभियान से किसानों को खेतों की उर्वरकता और उत्पादकता बढाने में मदद मिलेगी। इसके तहत किसानों को पेस्टिसाइड का प्रयोग कम करने और स्वच्छ कृषि उत्पाद उगाने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।

000000

**भारतीय रिजर्व बैंक–आरबीआई** आज अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति के बारे में लिये गये फैसलों की घोषणा करेगा। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में गठित समिति मौद्रिक नीति पर विचार–विमर्श कर रही थी। विशेषज्ञों का मानना है कि रिजर्व बैंक, **रेपो दर** पर यथास्थिति बनाए रखने और **नकद आरक्षी अनुपात–सीआरआर** को समायोजित करने पर विचार कर सकता है। रिजर्व बैंक ने फरवरी 2023 से रेपो दर यानी अल्पकालिक उधार दर को 6 दशमलव 5 प्रतिशत पर ही बनाए रखा है। सीआरआर में कटौती से बैंकिंग प्रणाली में तरलता आ सकती है, जिससे आर्थिक गतिविधियों में बढोतरी की उम्मीद है।

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। तीन दिन के इस महोत्सव में पूर्वोत्तर का सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक ताना–बाना प्रदर्शित किया जाएगा।
महोत्सव सभी आठ राज्यों की संस्कृति, कपड़ा उद्योग, हस्तशिल्प और पर्यटन के अलावा वहां के अनूठे उत्पादों के लिए मंच प्रदान करेगा। इस दौरान, ढाई सौ से अधिक शिल्पकार 34 जीआई–टैग वाली वस्तुओं सहित हस्तशिल्प, हथकरघा और कृषि–बागवानी उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे।

000000

केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने विकसित भारत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने की तारीख 10 दिसंबर तक बढ़ाने की घोषणा की है। पहले यह तारीख पांच दिसंबर थी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए **माई भारत प्लेटफॉर्म** पर पंजीकरण किया जा सकता है। यह प्रतियोगिता 15 से 29 वर्ष की आयुवर्ग के सभी युवाओं के लिए है। वे विकसित भारत पर अपने विचार साझा कर सकते हैं। विजेता प्रतिभागी 11 और 12 जनवरी को नई दिल्ली के भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष विकसित भारत के लिए अपना दृष्टिकोण और विचार प्रस्तुत करेंगे।

0000

संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के 69वें परिनिर्वाण दिवस पर आज कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। भारत रत्न डॉ. अम्बेडकर एक न्यायविद, विचारक, अर्थशास्त्री और समाज सुधारक थे, जिन्होंने अपना

जीवन समानता की वकालत करने और जाति आधारित भेदभाव को मिटाने के लिए समर्पित कर दिया। बाबासाहेब को 1990 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

इस अवसर पर देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित अन्य नेता नई दिल्ली में संसद भवन परिसर में स्थित प्रेरणा स्थल पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न बाबा साहेब की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। श्री शर्मा ने कहा कि बाबा साहेब के विचारों का अनुसरण करते हुए राज्य सरकार सामाजिक न्याय और समानता के सिद्धांतों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इस अवसर पर प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर श्रद्धाजंलि सभाओं और संगोष्ठियों के आयोजन किये जा रहे है। सवाईमाधोपुर में मुख्य कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिसर में सामने बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल पर आयोजित किया जा रहा है। ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर आज जिले के बौंली में आयोजित समरसता शौर्य दिवस समारोह में शिरकत करेंगे। बाडमेर, जैसलमेर और हनुमानगढ़ में हो रहे जिलास्तरीय कार्यक्रमों में बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित कर संविधान निर्माण में उनके योगदान को याद किया जा रहा है।

00000

गृह रक्षा संगठन के 62 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आज जयपुर के फतेहपुरा बेगस में समारोह परेड होगी। होमगार्ड के डीजी राजेश निर्वाण ने बताया कि गृह रक्षा बल की स्थापना नागरिकों की सुरक्षा और सम्पत्ति की रक्षा के लिए की गई थी। इस उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में 'एक कदम स्वच्छता की ओर" के तहत कल जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में स्वच्छता अभियान चलाया गया। गृह रक्षा निदेशालय और गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के अधिकारियो, कर्मचारियों तथा करीब 300 होमगार्डस की टीम ने स्टेडियम परिसर में सफाई की। इसी कडी में हनुमानगढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन कियागया। इसमें गृह रक्षा जवानों ने रक्तदान कर मानव सेवा के लिए योगदान दिया।

00000

रोडवेज बसों में बिना टिकट यात्रा करने वालों से निर्धारित किराए से 10 गुना के बराबर राशि वसूली जाएगी। रोडवेज प्रबंधन ने इस बारे में आदेश जारी किए हैं। उपमुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा के निर्देशों के अनुसार रोडवेज को घाटे से उबारने और राजस्व अर्जन में बढोतरी के लिए ये पहल की गई है। निगम अध्यक्ष शुभ्रा सिंह ने बताया कि निगम में वाहन निरीक्षण व्यवस्था को प्रभावी बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर निरीक्षकों की ओर से वाहन निरीक्षण के दौरान बिना टिकट यात्रियों से अधिभार राशि की वसूली नहीं की जाती है। ऐसे में पूर्व में जारी आदेशों को संशोधित कर बिना टिकट यात्रा करते हुए पाए जाने पर यात्री भाड़े के 10 गुना के बराबर या 2000 रुपए की वसूली की जाएगी।

00000

मौसम विभाग अपने डेढ सौ वे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मेट ओलम्पिड का आयोजन करने जा रहा है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इसका उद्‌देश्य मौसम और जलवायु विज्ञान के प्रति जागरूकता बढाना हैं। ओलम्पियाड के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है।

-----

00000